>

Title: Need to set-up an Indian Institute of Technology at Jaipur, Rajasthan.

श्री गिरधारी लाल भार्गव (जयपुर) : महोदय, मुझे आपका संरक्षण चाहिए। केन्द्र सरकार के बजट में इस वर्ष तीन IITs खोलने की घोषणा की गयी है। मेरा निवेदन यह है कि केन्द्रीय बजट में घोषणा होने के बाद मैं जयपुर शहर का प्रश्न इसलिए रख रहा हूं कि वहां मालवीय इंजीनियरिंग कॉलेज है। उसके पास भूमि भी है, भवन भी है, केवल नाम बदलने की आवश्यकता है। जयपुर शहर नेशनल हाइवे पर स्थित है जहां पर दुनिया भर के विद्यार्थी आ सकते हैं, पढ़ सकते हैं, अध्ययन कर सकते हैं। जयपुर राजस्थान की राजधानी है, अन्तर्राष्ट्रीय एयरोड्रम भी वहां है, मेडिकल यूनिवर्सिटी वहां खुल गयी है। इस तरह हर प्रकार से जयपुर इसके लिए उपयुक्त शहर है। इसलिए मेरी आपसे प्रार्थना है कि केन्द्र सरकार अपने वचन के अनुसार जो तीन IITs खोलने वाली है, उसके लिए जयपुर एक उपयुक्त स्थान है। राजस्थान की राजधानी होने के साथ ही वहां पर सभी प्रकार की सुविधाएं जैसे बिजली, पानी, सड़क आदि उपलब्ध हैं। अभी बहन वसुंधरा जी की कृपा से वहां पानी का अभाव भी दूर होने वाला है। इसलिए जयपुर हर प्रकार से IIT खोलने के लिए उपयुक्त स्थान है।

इसलिए मेरी प्रार्थना है कि वहां पर सभी प्रकार की सुविधा उपलब्ध होने के कारण आपके प्रभाव से जयपुर में एक IIT स्थापित किया जाए।[R86]